## खबर संक्षेप

### 1.70 लाख रुपये से भरा बैग हो गया पार

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरही-मैहर रोड पर दिनदहाड़े चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। सत्यम हार्डवेयर के सामने से एक अज्ञात चोर ने बैग पर हाथ साफ कर दिया, जिसमें 1,70,000 रुपये की नगदी रखी हुई थी। जानकारी के अनुसार फरियादी प्रहलाद प्रसाद पटेल 48 वर्ष निवासी मझगंवा थाना बदेरा, जिला मैहर गत दिवस बरही-मैहर रोड स्थित सत्यम हार्डवेयर के सामने मौजूद थे। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उनका बैग चोरी कर लिया। बैग में 1 लाख 70 हजार रुपये रखे हुए थे। पीड़ित की शिकायत पर बरही पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे CCTV कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि अज्ञात आरोपी का सुराग लगाया जा सके। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना से क्षेत्र के व्यापारियों और राहगीरों में हड़कंप का माहौल है।

### जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार आज

**कटनी।** युवाओं और नागरिकों को स्वास्थ्य, योग और राष्ट्रीय चेतना के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाने हेतु सोमवार 12 जनवरी को प्रातः 9 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, माधवनगर के प्रांगण में शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी ने जिले के सभी विद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### राज्य स्तरीय युवा उत्सव में छात्राओं ने लहराया परचम

**कटनी।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव मेंशासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी की प्रतिभाशाली छात्राओं ने परचम लहराते हुए इतिहास रच दिया है। यह पहली बार है जब कन्या महाविद्यालय राज्य स्तर पर विजेता बना है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने बताया कि जनभागीदारी अध्यक्ष एवं कलेक्टर आशीष तिवारी के कुशल मार्गदर्शन और मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल के सहयोग तथा अथक परिश्रम, मेहनत और सामूहिक प्रयासों के फलस्वरूप महाविद्यालय की छात्राओं ने एकांकी (नाटक) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एवं लोक नृत्य एवं क्ले मॉडलिंग में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की है। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने सभी छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ को बधाई देते हुए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं तथा छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### जरूरतमंदों को ठंड से बचाने सुविधाएं उपलब्ध

**कटनी।** ठंड को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं प्रभारी आयुक्त श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर नगर पालिक निगम कटनी द्वारा जरूरतमंद, बेसहारा एवं असहाय व्यक्तियों के लिए सुरक्षित रात्रि विश्राम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।वही नागरिकों की सुविधा एवं शीतलहर से बचाव के मद्देनजर नगर के विभिन्न प्वाइंटों में रोजाना अलाव हेतु जलाऊ लकड़ियों की व्यवस्था भी रोजाना कराई जा रही हैं। रैन बसेरा वाहन की टीम द्वारा रात्रि कालीन भ्रमण कर जरूरतमंदों को चिन्हित किया जा रहा है तथा उन्हें सुरक्षित स्थान बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा तक पहुंचाकर ठंड से बचाव की व्यवस्था की जा रही है। रैन बसेरा में ठहरने वाले लोगों को कंबल, स्वच्छ वातावरण एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता और राजस्व अधिकारी तथा रैन बसेरा प्रभारी जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जाकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए जा रहे है। कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड के कारण असुरक्षित स्थिति में न रहे।

### टनल निर्माण कम्पनी की मनमानी से बाईपास होकर लोगों को करना पड़ा आवागमन

# मुसीबत : बिना वैकल्पिक मार्ग बनाये पुराना हाईवे बंद करने से परेशान हुए वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद

बरगी व्यपवर्तन परियोजना के तहत स्लीमनाबाद में 12 किलोमीटर अंडर ग्राउंड टनल खुदाई का कार्य चल रहा है जिसमें डाउन स्ट्रीम की टीवीएम मशीन स्लीमनाबाद के पड़वार मार्ग मोहदापुरा पहुंचकर बाहर निकालने का कार्य चल रहा है। वही अप स्ट्रीम की टीवीएम मशीन का कार्य स्लीमनाबाद पुराने हाइवे पर पहुंच गया है जिसके कारण शनिवार की रात से उक्त मार्ग टनल निर्माण कम्पनी के द्वारा मिट्टी डालकर आवागमन बंद कर दिया गया है।



### बिना सूचना मार्ग किया बंद

अचानक मार्ग बंद होने से रविवार को पूरे दिन ग्रामीण नागरिक परेशान होते रहे क्योंकि उक्त मार्ग से दोपहिया वाहन भी नही निकल सकते थे। मार्ग को बंद करने के एक हफ्ते पहले सूचना देना चाहिए ताकि लोगों के आवागमन में सुविधा न हो परंतु पटेल कंपनी के द्वारा बिना किसी सूचना के शनिवार की रात रविवार से रोड को बंद कर दिया रोड की अचानक बंद होने से लोगों के आवागमन में भारी असुविधा हुई।

### आवागमन हेतु नही बनाया गया वैकल्पिक मार्ग

ग्रामीण जनों का कहना है कि जब इस सड़क को बंद किया जा रहा था तो वैकल्पिक मार्ग बनाया जाना था ताकि लोगों को आवागमन में असुविधा न हो परंतु कंपनी ने लोगों की सुविधा और असुविधा का ध्यान नहीं रखा और अपने मनमर्जी के रूप में सड़क को बंद कर दिया।

### करीब 6 माह से बंद है पडवार रोड

डाउन स्ट्रीम से की ओर से आ रही टीवीएम है मशीन को स्लीमनाबाद के मोहदापुरा में निकालने का काम चल रहा है जिसके कारण विगत 6 माह से पडवार रोड बंद है ग्रामीण जन बाईपास या वैकल्पिक मार्ग से आवागमन कर रहे हैं गामीण जनों ने मांग की है कि हाईवे बाईपास से पडवार रोड को वैकल्पिक मार्ग के रूप में खोला जाए ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा न हो।

### 470 मीटर टनल खुदाई शेष

स्लीमनाबाद में चल रहे अंडर ग्राउंड टनल का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है!टनल निर्माण में अब केवल 470 मीटर का कार्य शेष रह गया है। स्लीमनाबाद बस्ती के समीप पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग के पास टनल खुदाई कार्य चल रहा है। 31 मार्च 2026 तक अंडर ग्राउंड टनल खुदाई का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना है कि स्लीमनाबाद पुराने हाइवे पर अंडर ग्राउंड टनल खुदाई का कार्य होना है जिस कारण टनल कम्पनी के द्वारा मार्ग से आवागमन अवरुद्ध किया गया है। लोगों को परेशानी न हो इसके लिए वैकल्पिक मार्ग बनाया जाना था। उक्त स्थल का कम्पनी व एनवीडीए के अधिकारियो के साथ सोमवार को वैकल्पिक मार्ग बनाने को लेकर निरीक्षण कर समस्या का समाधान किया जायेगा।



# निपुण शाला बनाने जिले के शिक्षकों ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जिले की सभी प्राथमिक शालाओं को निपुण शाला बनाने के लिए कलेक्टर आशीष कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में प्रथम चरण में जिले की 153 शालाओं का चयन कर सभी बीआरसी, बीएसी, जन शिक्षा केंद्र, प्रभारी प्राचार्यों, जन शिक्षकों एवं चयनित शालाओं के कक्षा 2 और कक्षा 3 के शिक्षकों का जिला स्तर पर एवं शेष सभी शिक्षकों का उन्मुखीकरण जन शिक्षा केंद्र स्तर पर किया गया। उल्लेखनीय है कि शीतलहर के चलते तीन दिनों के लिए बच्चों का अवकाश घोषित किया गया था और उन्हीं दिनों में जन शिक्षा केंद्र स्तर पर लगभग 4 हजार नियमित एवं अतिथि शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण जन शिक्षा केंद्र स्तर पर किया गया है।

उन्मुखीकरण के दौरान संख्या की पहचान, स्थानीय मान, आधारभूत गणितीय अवधारणाओं की समझ, प्रभावी पठन और लेखन, शिक्षण योजना का निर्माण, शिक्षक द्वारा मोबाइल और स्मार्टबोर्ड का शिक्षा के लिए रचनात्मक उपयोग, स्कूल में शैक्षिक संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने, पुस्तकालयों का प्रभावी संचालन इत्यादि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। डाइट प्राचार्य ने शत-प्रतिशत शिक्षकों के उन्मुखीकरण हेतु बीआरसी बहोरीबंद प्रशांत मिश्रा, बीआरसी कटनी मनोज गौतम, बीआरसी बड़वारा शशांक तेकाम, बीआरसी विजयराघवगढ़ चेतराम मरकाम, बीआरसी ढीमरखेड़ा प्रेम कोरी, बीआरसी रीठी योगेश तिवारी की सराहना की। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी,डीपीसी प्रेम नारायण तिवारी, डाइट फैकल्टी राजेन्द्र असाटी, राकेश सिन्नरकर द्वारा लगातार निपुण शाला प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की जा रही है।

# आरोप : कागजी आंकड़ों का खेल कर लाखों का हेरफेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढीमरखेड़ा

सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की आड़ में सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा है। धरातल पर विकास कार्य भले न दिखे, हितग्राहियों चाहे लाभांवित न हो लेकिन कागजी आंकड़ा में कलाबाजी दिखाकर राशि का आहरण कर लिया जाता है। पंचायत स्तर पर होने वाले विकास कार्यों पर नजर एवं कार्यवाही का पॉवर रखने वाले अधिकारी ही अगर संलिप्त हो जाये तो हेराफेरी बेहद आसान हो जाती है। सरकारी राशि का बंदरबाट कर सब अपनी जेबे भर रहे हैं। ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में विकास कार्यों का हाल यह है कि नाला तट सुंदरीकरण, गली प्लग, चैक डैम, खेत तालाब और मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भारी अनियमितताएँ सामने आ रही हैं। कई स्थलों पर तो कार्य शुरू तक नहीं हुआ, लेकिन कागजों में लाखों रुपये का खर्च दिखाया गया है।

### इन कार्यों के नाम पर की गई हेराफेरी

ग्राम पंचायत भटग़वां में गली प्लग सह ड्रेनेज ट्रीटमेंट जगत के खेत के पास चंदोल में बिल क्रमांक 1646 में 80320 रुपए, 85040 रुपए, 84880 रुपए गली प्लग सह ड्रेनेज ट्रीटमेंट नरेश के खेत के पास चंदोल 80080 रुपए, 87680 रुपए, 82240 रुपए ग्राम बसेडा ककरैया मार्ग में चैक डेम सह पुलिया निर्माण कार्य ग्राम पंचायत भटगवां 15036 रुपए, 75467 रुपए 70993 रुपए, ग्राम चंदोल की कटकहरी नदी में स्टॉप डैम सह पुलिया निर्माण कार्य ग्राम चंदोल में बिल क्रमांक 1536 में 50490 रुपए, 94490 रुपए, 77350 रुपए, 75950 रुपए, 89566 रुपए, 88339 रुपए, गली प्लग निर्माण कार्य धन्नू के खेत के पास चंदोल बिल क्रमांक 1548 में 94400 रुपए, 87120 रुपए, 68160 रुपए, 94960 रुपए, 98800 रुपए, 96720 रुपए, 92880 रुपए, 99040 रुपए, 92480 रुपए, गली प्लग निर्माण कार्य ककरेहा नाला भसेड़ा 92080 रुपए, 88080 रुपए, 83920 रुपए, 99760 रुपए, 98640 रुपए, 98320 रुपए, 99040 रुपए, 99360 रुपए, गली प्लग निर्माण कार्य चंदोल 99920 रुपए, 97520 रुपए, 98600 रुपए, 99880 रुपए, 95840 रुपए, 94640 रुपए, 93680 रुपए, 87280 रुपए, 89040 रुपए, 97920 रुपए, 85680 रुपए कुल भुगतान 37 लाख 62 हजार का किया गया है।

नागरिकों का कहना है कि इन स्थानों पर न तो पत्थर दिखते हैं और न ही निर्माण कार्य का कोई स्पष्ट प्रमाण मिला है। ग्राम पंचायत भटग़वां में पत्थर के नाम पर 37 लाख 62 हज़ार के फर्जी बिल लगाए गए हैं, कई गांवों में नाला तट सुंदरीकरण के नाम पर लाखों रुपये स्वीकृत किए गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अधिकांश स्थानों पर कार्य अपूर्ण हैं या हुए ही नहीं, फिर भी बिल पास कर भुगतान कर दिया गया।

### उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग

उच्चाधिकारियों से मांग की गई है कि जिन कार्यों के नाम पर राशि व्यय होना दर्शाया गया है और जो सामग्री का उपयोग किया गया है उनकी निष्पक्षता से जांच कराई जाये।

### आत्महत्या निवारण विषय पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित नेशनल टास्क फोर्स (NTF) के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में विद्यार्थियों हेतु मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या निवारण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इंद्र कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में एनटीएफ नोडल अधिकारी सहायक प्राध्यापक नवीन गौतम सहित अन्य सहायक प्राध्यापकों ने भी विद्यार्थियों को विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, परामर्श सुविधाओं एवं हेल्पलाइन सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया।इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक दिव्या तिवारी, राजेन्द्र कुमार उइके, विनय कुमार जैन,मंजू द्विवेदी, महिमा तिवारी, विवेक शुक्ला, आशीष सोनी एवं पूजा साहू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

# विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढीमरखेड़ा

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र के पालन में तथा अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में व्यवहार न्यायालय ढीमरखेड़ा के प्रांगण में दिनांक 10 जनवरी 2026 को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन न्यायाधीश पूर्वी तिवारी द्वारा किया गया । इस विधिक साक्षरता शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के लिए उचित, सुलभ एवं निष्पक्ष न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने संबंधी जागरूकता फैलाना रहा।




शिविर के दौरान न्यायाधीश द्वारा उपस्थित नागरिकों को निःशुल्क विधिक सेवाओं, लोक अदालत, मध्यस्थता, समझौता प्रक्रिया तथा कमजोर वर्गों को मिलने वाले कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। न्यायाधीश ने अपने उद्बोधन में बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निर्धन, असहाय, महिलाएं, बच्चे, वृद्धजन एवं अन्य पात्र व्यक्तियों को बिना किसी शुल्क के कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है, ताकि कोई भी व्यक्ति केवल आर्थिक कमजोरी के कारण न्याय से वंचित न रहे।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और विधिक सेवा योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।आयोजित शिविर में अधिवक्तागण, पक्षकारगण एवं न्यायालय में कार्यरत समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

उपस्थित लोगों ने शिविर को उपयोगी बताते हुए न्याय व्यवस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं । शिविर के माध्यम से आम नागरिकों में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा न्याय तक उनकी आसान पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास किया गया।

### पुलिस एवं आबकारी अमले ने अलग अलग स्थानों में की कार्यवाही

# 73 लीटर कच्ची एवं 110 पाव देशी अवैध शराब जब्त, 7 प्रकरण किये गये पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद

शराब के अवैध निर्माण और बिक्री करने वालों के विरूद्ध पुलिस एवं आबकारी अमले ने कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बिलहरी चौकी पुलिस ने कार्यवाही की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली। सूचना के आधार पर ग्राम कराहिया कला तालाब के पास दबिश दी गई। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी ने अपना



नाम अनिकेत लुनिया पिता बलदेव लुनिया 27 वर्ष निवासी ग्राम भिटौनी थाना माधव नगर बताया। आरोपी के कब्जे से चार डिब्बों में 60 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद की गई, जिसे वह खुलेआम विक्रय के लिए लेकर खड़ा था। आरोपी को गिरफ्तार कर शराब जब्त की गई।

दूसरी ओर आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए विजयराघवगढ़ क्षेत्र में ताबड़तोड़ कार्रवाई की। ग्राम कुँदरेही, पथरहटा, हथेड़ा, खिरवा और फुटहाटोला में की गई दबिश के दौरान 70 पाव देशी मदिरा मसाला, 40 पाव देशी मदिरा प्लेन, 13 लीटर हाथ भट्ठी शराब एवं 330 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 45 हजार रुपये से अधिक बताई गई है। आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क एवं 34(1)च के तहत 6 प्रकरण दर्ज किए गए। महुआ लाहन के सैंपल लेकर शेष लाहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने स्पष्ट किया कि जिले के सभी वृत्तों में लगातार दबिश और निगरानी जारी रहेगी, ताकि अवैध मदिरा पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

पुलिस और आबकारी विभाग की इन सख्त कार्रवाइयों से यह साफ हो गया है कि कटनी जिले में अवैध शराब के कारोबार को जड़ से खत्म करने का रोडमैप लागू हो चुका है। अवैध शराब बेचने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### ढीमरखेड़ा पुलिस ने ग्राम चौपाल में दी महत्वपूर्ण जानकारियां

# ठगी से बचने के लिए जागरूकता जरूरी, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढीमरखेड़ा

अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षित समाज निर्माण के उद्देश्य से कटनी जिले की पुलिस द्वारा व्यापक जन जागरूकता के लिए ग्राम चौपाल की शुरुआत की गई। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों में सुरक्षा, कानून पालन तथा अपराध रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इसी के चलते आज ग्राम बंधी कला में क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा अभिषेक चौबे के द्वारा क्रिकेट के मैदान पर ही ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा द्वारा अपने उद्बोधन




में आम लोगों को बताया कि साइबर से साइबर ठगी से बचने के लिए जागरुकता जरूरी है इसके अलावा यातायात जागरूकता और नशा मुक्ति के संबंध में उपस्थित जनों को आवश्यक जानकारियां दी गई थाना प्रभारी द्वारा अपना मोबाइल नंबर देते हुए जनता से अपील की गई कि उनके गांव में होने वाली अवैधानिक गतिविधियों की जानकारी गोपनीय रूप से वे पर्सनल मोबाइल नंबर पर फोन करके दे सकते हैं उनकी पहचान गोपनीय रहेगी।

पुलिस टीम द्वारा मुख्य रूप से निम्न विषयों पर जानकारियां दी गई। नशा मुक्ति और ड्रग्स विरोधी संदेश। महिलाओं एवं बालिका सुरक्षा, हेल्पलाइन 112 का प्रचार। साइबर अपराध से बचाव, हेल्पलाइन 1930 की जानकारी। ट्रैफिक नियमों का पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रति प्रेरणा। फेक न्यूज़ और अफवाहों से बचने की सलाह।

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारी आमजन से संवाद कर सुझाव प्राप्त करेंगे तथा यह संदेश देंगे कि "अपराध रोकथाम में पुलिस और जनता दोनों की समान भागीदारी आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या अपराध की सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम 100/112 अथवा निकटतम थाने में दें। पुलिस-जन सहयोग से ही अपराध मुक्त समाज का निर्माण संभव है।

# गांव-गांव पहुंचकर कृषि रथ किसानों को बतायेंगे उन्नत खेती के तौर-तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

राज्य शासन के निर्देश के पालन में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। गांवों तक कृषि एवं सम्बसद्ध विषयों जैसे पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन आदि पर विस्तृवत जानकारी देने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येपक विकासखंड में कृषि रथ चलाया जा रहा है। रविवार को जिले के सभी विकासखंडों से कृषि रथों को रवाना किया गया। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मुख्यथमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय में, कृषि विज्ञान केंन्द्र, ब्लॉक मुख्यालय एवं जिले की समस्त मंडियों में किया गया। जिसे यहां मौजूद कृषकों ने देखा और सुना।

कृषि रथों के सफलतापूर्वक संचालन हेतु कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला स्तरीय और विकासखंड स्त रीय क्रियान्वयन समितियों को गठन किया है। जिला स्तररीय क्रियान्वयन समिति के अध्यसक्ष कलेक्टर होंगे और जिला पंचायत की सीईओ सचिव तथा उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास सह सचिव के रूप में कार्य करेंगे। जबकि सदस्य के तौर पर वनमंडलाधिकारी, परियोजना अधिकारी उद्यानिकी, सहायक संचालक मत्योर व द्योग, सहायक आयुक्तक सहकारिता, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास, जिला योजना अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, उपसंचालक पंचायत, जिला संयोजक आदिवासी विकास, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, सचिव कृषि उपज मंडी, अधीक्षक भू-अभिलेख, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, मुख्यी चिकित्साी एवं स्वास्य्विक अधिकारी, लीड बैंक अधिकारी, परियोजना संचालक आत्माा और जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्वक को को सदस्यि के रूप में शामिल किया गया है। इसके अलावा संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्वय की अध्यमक्षता में विकासखंड स्तेरीय क्रियान्वगयन समिति गठित की गई है जिसमें कृषि, मत्य्ड पालन, पशुपालन, वन, सीईओ जनपद पंचायत सहित अन्यग विभागों के अधिकारियों को शामिल किया है।

## खबर संक्षेप

### महर्षि ज्ञानयुग दिवस पर कार्यक्रम आज

**उमरियापान।** भावातीत ध्यान के प्रणेता ब्रम्हलीन महर्षि महेश योगी की जयंती पर आज 12 जनवरी को करौंदी स्थित आश्रम में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक महर्षि ज्ञानयुग दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें गुरु परंपरा पूजन, दीप प्रज्वलन, वैदिक पंडितों द्वारा शांति पाठ आदि कार्यक्रम होंगे। आश्रम प्रभारी अरविंद सिंह ने आमंत्रितजनों से समय पर उपस्थिति की अपील की है।

### चौपाल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया

**सिलौंडी।** ग्राम पंचायत दशरमन में पुलिस उप थाना प्रभारी अनिल पांडे के द्वारा चौपाल कार्य क्रम किया गया जिसमें सभी ग्राम के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे जिसमे पुलिस अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्राम लोग पुलिस का सहयोग करें जिससे अपराध में कमी आएगी अगर ग्राम में कुछ भी ऐसा लगता है की यहां कुछ गलत हो रहा है तत्काल पुलिस को सूचना दे पुलिस तत्काल कार्यवाही करेगी लोगों ने भी भरोसा दिलाया कि हम जानकारी जरूर देंगे चौपाल में ग्राम के सरपंच सीमा भरत शुक्ला , रमेश गर्ग, नरेन्द्र उपाध्याय, जनपद सद्स्य गणेश दत्त गौतम, भरत शुक्ल, सूरज जायसवाल, अरविन्द सोनी, दुर्जन राजभर सुरेश कुम्हार मनीष बर्मन राजू गौतम छेदी यादव यशु पटेल लक्ष्मी राजभर विकास राजभर छोटू बर्मन राजेंद्र राजभर पुलिस स्टाप अतुल शर्मा ,धर्मवीर ,रामसेवक विश्वकर्मा रहे।

### चार साल से अधूरा पड़ा जल जीवन मिशन कार्य

**सिलौंडी।** सिलौंडी पंचायत में सन 1980 में लोहे की पाइप लाइन बिछाई गई थी जो कि वर्तमान में अनेक जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है । पाइप लाइन का अधिकाश भाग नाली के अंदर से होकर जाता है । अनेक परिवारों में गंदा पानी आने की भी शिकायत है । सरपंच ,उपसरपंच और ग्रामीण ने कलेक्टर जन सुनवाई में जल जीवन मिशन का कार्य जो की सिलौंडी में लगभग 2 करोड़ 30 लाख की लागत से होना है जल्द से जल्द करने की मांग किया था । परंतु जिमेदार ठेकेदार और पीएचई की लापवाही के कारण जल जीवन मिशन का कार्य पिछले 4 साल से अधूरा पड़ा है । पिछले 6 माह से जल जीवन मिशन का कार्य बंद गई जून 2025 में ठेकेदार ने 15 दिन कार्य गांव में अभी तक सिर्फ 30 कनेक्शन कर कार्य बंद कर दिया जो की आज दिनांक तक कार्य बंद ही है ।ग्रामीण और ग्राम के जन प्रतिनिधि ने अनेक बार शिकायत किया परन्तु अभी तक पाइप लाइन बिछाई का कार्य शुरू नही हुआ है ।

### डीजे टूर्नामेंट का शुभारंभ

**सिलौंडी।** डीजे ट्रॉफी दशरमन का शुभारंभ रविवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय, अरपंच सीमा भरत शुक्ला, सिलौंड़ी पुलिस चौकी प्रभारी अनिल पांडे रमेश गर्ग मुकेश गर्ग आशीष गर्ग की उपस्थिति में किया गया। टूर्नामेंट के शुभारंभ में सर्वप्रथम ध्वजारोहण करने के बाद अतिथियों एवं खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रगान करके टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। वहीं टूर्नामेंट का पहला मैच अतरसुमा और सिमरिया के बीच खेला गया जिसमें अतरसुमा ने विजय प्राप्त की और वही दूसरा मैच जतन 11 जबलपुर और कुम्ही के बीच खेला गया जिसमें जबलपुर ने विजय प्राप्त की। इस दौरान आयोजक कमेटी से अमित असाटी सचिन नामदेव बंटू पटेल ललित सोनी अनिल शुक्ला साकेत गर्ग राहुल पटेल जतन सोनी मुकेश पटेल राहुल सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### धान से लदा ट्रक पलटा

**कटनी।** जुहिला बाईपास ओवरब्रिज के ऊपर रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब धान से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।हादसे के बाद ट्रक में भरा धान सड़क पर फैल गया, जिससे काफी दूर तक धान बिखर गया और कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक के पलटते ही सड़क पर फसल बिखर गई, जिससे ओवरब्रिज पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

---

### अब उमरियापान क्षेत्र में महिलाओं ने शराब की अवैध बिक्री पर खोला मोर्चा

# चहुंओर से उठ रहे विरोध के स्वर : अवैध शराब की बिक्री बंद कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान





जिले के चारो ओर से अब शराब की अवैध बिक्री से परेशान महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। स्लीमनाबाद, बरही क्षेत्र के बाद अब उमरियापान के ग्राम कुदवारी की महिलाएं एकजुट होकर थाना पहुंची एवं शराब की अवैध बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। महिलाओं का कहना है कि ग्राम कुदवारी में लंबे समय से पैकारी का संचालन किया जा रहा है जिससे गांव का माहौल अराजक हो चला है। महिलाओं और पुरुष एकजुट होकर उमरिया पान थाना पहुंचे और अवैध शराब बिक्री को तत्काल बंद कराने की मांग को लेकर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक जिला कटनी के संज्ञान में भी यह गंभीर समस्या लाने की बात कही।

महिलाओं ने थाना परिसर में अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि गांव में खुलेआम बिक रही अवैध शराब ने पूरे गांव का माहौल बिगाड़ दिया है। शराब की वजह से गांव के पुरुषों में नशे की आदत तेजी से बढ़ रही है, जिसका सीधा असर परिवारों पर पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा कि शराब के लिए घर की कमाई खर्च हो जाती है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन कमजोर होती जा रही है। महिलाओं का कहना है कि वे रोज मेहनत-मजदूरी कर घर की जरूरतें पूरी करती हैं, लेकिन शराब की लत के कारण उनकी मेहनत की कमाई बेकार चली जाती है। यदि महिलाएं शराब के लिए पैसे देने से मना करती हैं, तो घरों में झगड़ा, गाली-गलौज और मारपीट की नौबत आ जाती है। इस घरेलू तनाव का सबसे बुरा असर छोटे-छोटे बच्चों पर पड़ रहा है। बच्चे इन हालातों को देखकर गलत आदतों की ओर बढ़ रहे हैं और पढ़ाई से भी उनका ध्यान भटक रहा है।

#### कार्यवाही का दिलाया भरोसा

ग्रामीणों ने बताया कि अवैध शराब बिक्री के कारण गांव में शांति और आपसी सौहार्द खत्म होता जा रहा है। आए दिन नशे की हालत में विवाद, लड़ाई-झगड़े और हंगामे की स्थिति बन जाती है, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। महिलाओं ने साफ शब्दों में कहा कि वे अपने बच्चों को सुरक्षित और संस्कारित वातावरण देना चाहती हैं, लेकिन अवैध शराब इसमें सबसे बड़ी बाधा बन गई है। महिलाओं और ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उमरिया पान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने भरोसा दिलाया कि अवैध शराब बिक्री की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि गांव में अवैध शराब बेचने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त वैधानिक कदम उठाए जाएंगे और किसी को भी कानून से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद महिलाओं ने उम्मीद जताई कि प्रशासन की सख्ती से गांव में अवैध शराब पर अंकुश लगेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर गांव को नशामुक्त बनाया जाए, ताकि महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित व शांतिपूर्ण वातावरण मिल सके।

---

## दुग्ध उत्पादन बढ़ाने प्रतिनिधियों की बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में दुग्धम उत्पादन में वृद्धि हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा द्वारा स्थानीय यादव समाज के पदाधिकारियों एवं दुग्ध उत्पादन से जुड़े यादव प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान बैठक संयोजक एवंपशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक डॉ आर के सोनी द्वारा बताया गया कि इस बैठक में कटनी जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के संबंध में व्यापक विचार विमर्श किया गया इसके लिए सभी प्रतिनिधियों से स्वयं एवं उनके साथी पशुपालकों से दुग्ध सहकारी समितियों ₹सांची₹ से जुड़ कर दुग्ध विक्रय करने का आग्रह किया गया।

यह भी स्पष्ट किया गया कि सांची दुग्ध संघ की पूर्व की विसंगतियों को दूर करने हेतु म.प्र. शासन ने दुग्ध संघ का विलय एनडीडीबी से करते हुए दूध क्रय मूल्य को बढ़ा कर 8 रुपए प्रति फैट करते हुए, प्रति 10 दिवश के अंतराल से नियमित भुगतान करने की व्यवस्था दी है एवं पशु पालकों के सुझाव से नित नए सुधार किए जा रहे हैं अतः अधिक से अधिक पशुपालक विशेष रूप से दूरस्थ अंचलों के पशुपालक इन दूध समितियों से जुड़े ताकि उनके दुग्ध उत्पादन को उनके घर या ग्राम में ही विक्रय उपरांत समुचित राशि मिले। इससे उन्हें बाजार आकर दूध बेचने में लगे समय, परिश्रम, परिवहन जोखिम एवं अनावश्यक खर्च से बचने में मदद मिलेगी।

बैठक में यादव समाज के अध्यक्ष बसंत यादव द्वारा डेयरी व्यवसाय में आने वाली समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा गया कि गल्ला व्यापारीयों, सब्जी व्यापारियों के उत्पाद क्रय-विक्रय हेतु मंडी के समान दुग्ध व्यवसाइयों /वितरकों की सुविधा लिए शहरों में आने वाले मुख्य मार्गों में शेड बनाए जाने की आवश्यकता है। दुग्ध उत्पादकों, एवं क्रेता विक्रेताओं के भय मुक्त कारोबार हेतु विशेष शिविर लगाकर लाइसेंस बनाये जायें। जिले में भूसे की कमी को दूर करने हेतु इस पर प्रतिबंध लगाये जाने की मांग की गई।

पशुपालन विभाग से संबंधित दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के द्वितीय चरण, विभिन्न योजनाओं यथा कामधेनु योजना, आचार्य विद्यासागर डेरी इकाई, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस स्कीम पर चर्चा कर अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेने का आग्रह किया गया। सहायक संचालक कृषि आरएन पटेल द्वारा भूसा कमी दूर करने हेतु कृषि यंत्र ट्रेक्टर चलित रीपर कमबाइनर की डेयरी कृषकों के लिए उपयोगिता पर जानकारी दी गई।

---

**खाद के लिए अब किसानों को लाइन में नहीं खड़ा होना पड़ेगा**

## खाद वितरण में पारदर्शिता के लिए ई-विकास प्रणाली लागू, घर बैठे बुक कर सकेंगे टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों की सुविधा के लिए उर्वरक वितरण ई-विकास प्रणाली लागू की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत अब किसानों को खाद (उर्वरक) प्राप्त करने के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना होगा और मोबाईल व कियोस्क सेंटर के माध्यम से वे अपना ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे।

ई-विकास प्रणाली में ई-टोकन प्राप्त करने हेतु किसान ई-विकास प्रणाली पोर्टल etoken.mpkrishi.org पर अपने आधार नंबर और मोबाइल ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीयन होते ही पोर्टल में स्वतः ही 'AgriStack' के माध्यम से किसान की भूमि की जानकारी प्रदर्शित हो जायेगी। कृषकों को प्रदर्शित भूमि की जानकारी के अनुसार खसरा अनुसार बोई गई फसलों की जानकारी स्वयं ही दर्ज करनी होगी। भूमि के रकबे एवं दर्ज की गई फसल की जानकारी के आधार पर पोर्टल स्वतः ही वैज्ञानिक अनुशंसा अनुसार उर्वरक की गणना कर किसान को आवश्यक कुल उर्वरक की मात्रा प्रदर्शित हो जायेगी। प्रदर्शित उर्वरक की मात्रा अनुसार किसान अपनी सुविधा अनुसार नजदीकी खाद विक्रय केंद्र (जिला विपणन केन्द्र, मार्केटिंग सोसाइटी, सहकारी समितियों, एमपी एग्रो या निजी विक्रेता) का चयन कर डिजिटल ई-टोकन जनरेट कर सकेंगे।

किसान यह भी चयन करेगेंगे कि वे सहकारी समिति के सदस्य है कि नहीं। यदि वे सहकारी समिति के सदस्य है तो वे सहकारी समितियों का विकल्प चयन कर ई-टोकन प्राप्त कर सकेगें। जबकि, सहकारी समिति के सदस्य न होने की दशा में नहीं का चयन कर अन्य नगद उर्वरक विक्रेताओं (जिला विपणन केन्द्र, मार्केटिंग सोसाइटी, एमपी एग्रो या निजी विक्रेता) का चयन कर ई-टोकन जनरेट कर सकेगें।

ई-टोकन जनरेट होने के बाद किसान को निर्धारित तिथि से 3 दिन (अवकाश दिवसों को छोड़कर) के भीतर खाद उठाना अनिवार्य है। 3 दिन उपरांत खाद न लेने पर ई-टोकन स्वतः निरस्त हो जाएगा एवं किसान पुनः ई-टोकन जनरेट कर खाद प्राप्त कर सकेगें। पात्रता अनुसार एक किसान एक माह में अधिकतम 50 बोरी उर्वरक प्राप्त कर सकता है। दोबारा खाद की आवश्यकता होने पर 30 दिन के अंतराल के बाद ही अगला टोकन बुक किया जा सकेगा। जिन किसानों (ट्रस्ट, पट्टा या सिकमी एवं अन्य) पंजीकरण करने के बाद भी भूमि की जानकारी का डेटा पोर्टल पर नहीं दिख रहा है, वे कृषक पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपनी खसरा अनुसार जानकारी दर्ज करेगें। इसका सत्यापन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) द्वारा किया जावेगा। तत्पश्चात कृषक अपना टोकन जनरेट कर सकेगें। ई-विकास प्रणाली से खाद की कालाबाजारी और बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त होगी।

---

### दशरमन में डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का हुआ अनावरण



भारत के संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का रविवार को पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह द्वारा अनावरण किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार के अजाक संघ द्वारा के दशरमन ग्राउंड के समीप डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा स्थापित की गई जिसमें समाज के लोगों द्वारा कुमार सौरभ सिंह को मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिमा के अनावरण में आमंत्रित किया गया और प्रतिमा का अनावरण किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में आजाक जिला अध्यक्ष आजाद ढीमरखेड़ा जनपद अध्यक्ष और समस्त कार्यकर्ता एवं समाज के लोगों द्वारा विधि विधान से बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का पूजन करके माल्यार्पण किया गया और संकल्प लिया गया कि बाबा साहेब के संविधान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और बाबा साहेब के विचारों और उनकी प्रेरणा को मानते हुए अपने जीवन शैली को वैसे ही चलाएंगे। अनावरण कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आनंद मिश्रा रमेश गर्ग गणेश दत्त गौतम शैलेंद्र पौराणिक रवि अवस्थी निरंजन खटीक अखिलेश राजभर सत्यनारायण दहिया योगेंद्र दहियासहनाम सिंह तहसील अध्यक्ष अजाक,रमेश रावते ब्लाक अध्यक्ष,वचन सिंह सैयाम,सतेंद्र बागरी राजेंद्र चौधरी मोती चौधरी पवन चौधरी राम सहाय चौधरी शिवसहाय चौधरी आदि मौजूद रहे।

---

## असाठी समाज का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

अखिल भारतीय असाठी(वैश्य )समाज महासभा के तत्वाधान में शपथ ग्रहण कार्यक्रम रविवार को स्लीमनाबाद में आयोजित हुआ जहाँ समाज की नई कार्यकारिणी के मनोनीत पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गईं। धनगवां निवासी विनय असाठी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने निर्वाचन प्रमाण पत्र देते हुये शपथ दिलाई गईं। विनय असाठी एक छोटे से गाँव धनगवां के निवासी है जो इस मुकाम पर पहुंचें है

शपथ ग्रहण उपरांत विनय असाठी सामाजिक कार्यक्रम में समाज जनों को दण्डवत प्रणाम किया ओर कहा कि मुझे जो यह जवाबदेही मिली है, उसका भी दृढ संकल्पित होकर निर्वहन करूंगा। समाज को आगे बढ़ाने हमेशा ही तत्पर रहूंगा। इसके अलावा नीतू असाठी ने राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष, चंद्रकांत नायक ने राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष, महेश कुमार असाठी ने राष्ट्रीय मंत्री,पन्नालाल ज्वारिया ने राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष,जीवन कुमार नायक ने राष्ट्रीय सह सचिव, बिहारी लाल असाठी उपाध्यक्ष, कमलेश असाठी उपाध्यक्ष, डॉ अनिल कुमार असाठी उपाध्यक्ष, तरुण पुरषोत्तम असाठी उपाध्यक्ष तों गिरधारी लाल असाठी, विवेक असाठी, ओम प्रकाश असाठी व अनिल कुमार असाठी ने मंत्री पद की शपथ ली।

#### असाठी समाज को पिछड़ा वर्ग में किया जाये शामिल

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रणय पांडेय को असाठी समाज के पदाधिकारियो ने असाठी समाज को पिछड़ा वर्ग में शामिल करने के लिए ज्ञापन सौपा। विधायक प्रणय पांडेय ने आश्वासन दिलाया कि असाठी समाज पिछड़ा वर्ग में शामिल हो इसके लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन पत्र सौपा जायेगा। इसके अलावा कार्यक्रम में जबलपुर व कटनी जिले के असाठी समाज की नवीन समितियों की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई गईं।

---

**डीपीएस में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**

## फनफिनिटी आनंद मेले छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को संस्कार संस्कृति और शिक्षा के अलावा चहुंमुखी विकास के लिये कटनी नगर के अग्रणी विद्यालय दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) कटनी के प्रांगण में बहुप्रतीक्षित 'फनफिनिटी आनंद मेले' का भव्य (विराट)आयोजन किया गया। मेले में छात्रों ने न केवल अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि उद्यमशीलता और टीम भावना की अद्भुत मिसाल भी पेश की। कार्यक्रम में ए.एस.पी. संतोष डेहरिया की गरिमामयी उपस्थिति ने छात्रों का उत्साह दोगुना कर मनोबल बढाया।

मेले का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या एवं उपप्राचार्या ने मां सरस्वती की वंदना के साथ किया। इस वर्ष मेले का स्वरूप पिछले वर्षों की तुलना में काफी विराट रहा। लगभग 25 स्टॉल्स के माध्यम से छात्रों ने 'नवोदित उद्यमी' की भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने स्वयं स्लॉट बुक करने से लेकर वस्तुओं के चयन, मूल्य निर्धारण और विज्ञापन रणनीतियों तक का प्रबंधन खुद संभाला। छात्रों द्वारा सजाए गए आकर्षक स्टॉल लेआउट और प्रभावशाली मार्केटिंग के तरीकों ने सभी आगंतुकों को आश्चर्यचकित कर दिया।मेले में खाने-पीने के शौकीनों के लिए चटपटे स्वादिष्ट व्यंजनों, खेल-खिलौनों और झूलों का विशेष प्रबंध किया था। जहाँ एक ओर जायकेदार व्यंजनों की खुशबू महक रही थी, वहीं दूसरी ओर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीत और संगीत के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

विद्यालय के निर्देशक श्री अनुराग जैन एवं निर्देशिका श्रीमती जूही जैन ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। श्रीमती जूही जैन ने आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रबंधन कौशल का विकास करना और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना है। इससे बच्चों में आत्मनिर्भरता और टीम वर्क की भावना प्रबल होती है।पूरे कार्यक्रम के दौरान परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। अभिभावक अपने बच्चों को व्यापारिक गुर सीखते और आत्मविश्वास से लबरेज देख बेहद हर्षित नजर आए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उनकी मेहनत और रचनात्मकता के लिए पुरस्कृत किया गया। इस सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक वर्ग और कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

---

### महाविद्यालय में आयोजित हुई विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिता

# विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में 10 जनवरी को बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय अंतर-महाविद्यालयीन महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बड़वारा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले चारों शासकीय महाविद्यालय बड़वारा, उमरियापान, सिलौड़ी और ढीमरखेड़ा की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का पहला मैच ढीमरखेड़ा और सिलौड़ी महाविद्यालय के बीच हुआ जिसमें सिलौड़ी ने मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे मैच में बड़वारा महाविद्यालय ने उमरियापान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच बड़वारा एवं सिलौड़ी के बीच खेला गया जिसमें बड़वारा महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14-2 के बड़े अंतर से जीत दर्ज करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की देवकी पटेल एवं राधिका बर्मन ने निभाई। जो कि शासकीय महाविद्यालय बड़वारा की ही पूर्व राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खो-खो खिलाड़ी हैं।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम, विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत के प्रांत मंत्री उमेश माधव मिश्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेन्द्र जायसवाल, बड़वारा महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष सोनेलाल साहू, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल. के. सिंह, उमरियापान महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमति आरती धुर्वे, सिलौड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य रतिराम अहिरवार, जनोद सदस्य विनय नागवंशी, मंडल अध्यक्ष नितिन पांडे, अनुराग गुप्ता, अजय सोनी, मनीष बागरी, पान उमरिया महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष राजेश व्यवहार, हर्ष द्विवेदी, मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, विकास यादव, अनिल दुबे, बड़वारा थाना प्रभारी के.के.पटेल एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

उपस्थित अतिथियों ने विजेता टीम शासकीय महाविद्यालय बड़वारा एवं उपविजेता सिलौंडी टीम को ट्राफी देकर एवं मैडल्स पहनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी साथ ही टीम ढीमरखेड़ा एवं पान उमरिया को सहभागिता की ट्राफी देकर अग्रिम प्रयास के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित अतिथियों ने कॉलेज परिसर, भवन, विभिन्न कक्षों, खेल कक्ष, पुस्तकालय, विभिन्न सुविधाओं, साफ सफाई आदि का निरीक्षण करते हुए सराहना की।

प्रतियोगिता का संचालन प्राचार्य डॉ. एल. के. सिंह के निर्देशन में एवं महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता के सफलता पूर्वक आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ डॉ. दिव्या यादव, श्रीमति, विमला कुमारी, डॉ. रचना पांडेय, डॉ. योगिता अरजरिया, डॉ. कल्पना सतनामी, श्रीमति तोषी पटेल, सुशील चंद्र दुबे, डॉ. रामनरेश वर्मा, डॉ. सुजीत सिंह, डॉ. मुकेश झारिया एवं डॉ. ब्रजेश पाण्डेय ने समस्त दायित्वों का निर्वहन करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही संजय बर्मन एवं उमेश डोमार का भी सहयोग रहा।

---

## सघन रूप से पानी की टेस्टिंग और सैंपलिंग कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने नगर निगम, नगर परिषदों, मप्र जल निगम, ग्राम पंचायतों और जल जीवन मिशन को पानी की टंकियों की साफ-सफाई अभियान चलाकर की जाय। साथ ही टंकियों की सफाई की जियोटैग फोटो भी पोर्टल पर अपडेट करने अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर ने सभी निकायों और पंचायतों को प्रतिदिन की जलापूर्ति व्यवस्था पर कड़ी निगराने रखने तथा व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की सभी जल शोधन संयंत्रों और जल टंकियों की सफाई के साथ-साथ पाईपलाईनों के लीकेज संधारण व जलापूर्ति व्यवस्था पर कड़ी नजर रखने की हिदायत दी और कमियां पाये जाने पर तत्काल मरम्मत व सुधार कार्य कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन व अन्य माध्यमों से प्राप्त पेयजल संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित हो। नियमित तौर पर पानी की सैंपलिंग की जाय।

कलेक्टर ने मप्र जल निगम द्वारा जिले में संचालित करनपुरा-1 और इंदवार-1 की ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजनाओं की पानी की टंकियों की सफाई और पेयजल सप्लाई के पाइपों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नियमित तौर पर सघन रूप से पानी की टेस्टिंग और सैंपलिंग सुनिश्चित हो। इसके लिये वाटर क्वॉलिटी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, फील्ड टेस्ट किट और पानी में बैक्टीरिया आदि की मौजूदगी के इंडिकेटर के जांच हेतु पर्याप्त मात्रा में एचटूएस वायल किट की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

## ढोंगी जीवन छोड़कर मर्यादा में लौटने का संदेश देती भागवत कथा

# माता-पिता, राष्ट्र और गौ सेवा ही सच्चा धर्मः पं विपिन बिहारी

### आज होगा नंद महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा/तेजगढ़






ब्लॉक के ग्राम मोहरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित विपिन बिहारी महाराज जी ने अपने प्रेरक एवं सारगर्भित प्रवचनों से श्रद्धालुओं को जीवन के उच्च आदर्शों का संदेश दिया। कथा पंडाल में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु उपस्थित रहे और धर्ममय वातावरण में कथा श्रवण किया।

कथा व्यास पंडित विपिन बिहारी महाराज जी ने कहा कि जीवन में कभी दो लोगों की बुराई नहीं करनी चाहिए—एक ईश्वर की और दूसरी डॉक्टर की। उन्होंने कहा कि संसार में रहो, सभी से प्रेम करो, लेकिन परमात्मा से विशेष प्रेम रखो और भक्ति एकांत में करो। संसार की वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए, दुरुपयोग नहीं। उन्होंने कहा कि पहले समाज में मान–मर्यादाएं थीं, लेकिन आज वे धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही हैं। आज जानवरों के गुण मनुष्य में आ गए हैं। जो व्यक्ति अपने माता–पिता से बैर रखता है, उसे किसी भी प्रकार के तीर्थ नहीं करने चाहिए। जिसने माता–पिता को दुख और कष्ट दिया है, वह व्यक्ति किसी भी प्रकार से सफल नहीं हो सकता। महाराज जी ने माता–पिता की सेवा, राष्ट्र की सेवा और गौ सेवा को मानव जीवन का सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने "राम नाम—राम तेरा, तू अकेला नहीं प्यारे, राम तेरे साथ में" इस पंक्ति का भावार्थ समझाते हुए कहा कि जो व्यक्ति राम नाम का सहारा लेता है, वह जीवन में कभी अकेला नहीं होता। उन्होंने बताया कि सुखदेव जी ने राजा परीक्षित को सृष्टि की उत्पत्ति की रचना के बारे में विस्तार से बताया तथा भगवान के 24 अवतारों का क्रमवार वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि राम और रावण को अपने भीतर देखना चाहिए—यह पहचानना चाहिए कि हम राम के गुणों पर चल रहे हैं या रावण के। आज लोग ऊपर से कृष्ण बनने का दिखावा करते हैं, लेकिन उनके मन में कंस बैठा होता है। आज का मनुष्य दोहरा जीवन जी रहा है—एकांत में गलत आदतें और बाहर दिखावा। यह आज की ढोंगी दुनिया की सच्चाई है। उन्होंने कहा कि जीवन में चार बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए ध्यान रखना चाहिए—जोड़ना, घटाना, गुणा और भाग। कृष्ण अवतार की कथा के प्रसंग में महाराज जी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से पूर्व श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि सोमवार को कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर सभी एक-एक रोटी घर से लाएं। एक रोटी वे अपने साथ ले जाएंगे और शेष रोटियां गौशालाओं में भेजी जाएंगी, ताकि गौ माताएं उन्हें ग्रहण कर सकें। उन्होंने कहा कि केवल "गौ माता की जय" कहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि गौ माता की सेवा करना आवश्यक है। इसके पश्चात वासुदेव–देवकी का वृत्तांत, योगमाया द्वारा बलराम जी का जन्म तथा भाद्रपद मास, बुधवार, रोहिणी नक्षत्र, रात्रि 11:59 बजे कारागार में भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जन्म का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

चारों ओर आंधी-तूफान और अलौकिक प्रकाश के बीच भगवान का जन्म सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर छोटे सरकार, आचार्य महिमानंद जी महाराज, प्रमोद उपाध्याय एवं नर्मदा इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

### कृषि में नवाचार का दिया संदेश

## कोरता के जागरूक किसान ने 6 एकड़ में की अश्वगंधा की खेती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा क्षेत्र के एक जागरूक के रवी सीजन की बोवनी कर 6 एकड़ के रखवा में अश्वगंधा की खेती कर कृषि में नवाचार का संदेश दिया है जो क्षेत्र के किसानों में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कोंरता निवासी जागरूक किसान एवं आप पार्टी के पूर्व मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष, मध्य प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बसंत राय द्वारा कृषि में नवाचार एवं बदलाव का संदेश देते हुए 6 एकड़ के रखवा में अश्वगंधा की खेती की गई है जो अब लगभग 75 दिन की हो चुकी है और क्षेत्र के किसानों में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। किसान बसंत राय ने अश्वगंधा खेती की विधि बताते हुए कहा कि अश्वगंधा की खेती के लिए 12 किलो बीज प्रति एकड़ पर पड़ता है जिसमें एक बोरी डीएपी, एक बोरी पोटाश आदि का उपयोग किया जाता है जो करीब 10 से 12 पानी में फसल तैयार हो जाती है। जिसकी अच्छी पैदावार के साथ 20 से 25000 हजार रुपए कुंटल तक बेंची जाती है और इस फसल के पत्ते से लेकर जड़ तक बहुत उपयोगी मानी जाती है। किसान ने बताया कि नीमच मंडी से मिली जानकारी के अनुसार अश्वगंधा की जड़ 30,000 कुंटल तक बिकती है और इसका पेड़ एवं जड़ कई असाध्य रोगो को ठीक करने में बहुत उपयोगी माना जाता है।

जागरूक किसान बसंत राय ने शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि अश्वगंधा की खेती बहुत ही उपयोगी और लाभदायक है जिसकी अच्छी पैदावार के साथ किसानों को पत्ते से लेकर जड़ तक के भाव मिलते है इसलिए इस फसल की खेती के लिए क्षेत्र के किसानों के प्रोत्साहन और मार्गदर्शन दिया जाना चाहिए जिससे क्षेत्र के किसान परंपरागत खेती के साथ अश्वगंधा की खेती कर लाभ कमा सके।

## सर्व स्वर्णकार समाज हटा के रवि सोनी बने अध्यक्ष




हटा। सर्व स्वर्णकार समाज हटा की बैठक का आयोजन रविवार को नगर के धनुषधारी मंदिर में किया गया जिसमें समाज के नवीन अध्यक्ष का चयन उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से रवि सोनी को बनाया गया। बैठक में कन्हैयालाल सराफ के द्वारा रवि सोनी का नाम प्रस्तावित किया गया उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त की तत्पश्चात समाज के पूर्व अध्यक्ष रजनीश सोनी एवं अन्य सभी सदस्यों के द्वारा नवीन अध्यक्ष रवि सोनी का पुष्प मालाओं के साथ स्वागत करते हुए सभी ने शुभकामनाएं दी। तदोपरांत बैठक में नवीन अध्यक्ष रवि सोनी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं सदैव समाज हित में अग्रणी रहूंगा एवं सामाजिक हितार्थ कार्य करूंगा। बैठक उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नीलेश सराफ, जग्गी सोनी, सौरभ सोनी, नितिन सोनी, भरत सोनी, सुनील सोनी, मनोज सराफ, राकेश सोनी, मुकेश सराफ, सतीश सोनी, अखिलेश सोनी, कमलेश सोनी, रविंद्र सोनी, चंचल सोनी, विद्या सोनी, छक्कू सोनी, जीतू सराफ, हिरदेश सोनी, अभिषेक सोनी, गुड्डा जड़िया, मनीष सोनी, राजेश सोनी सहित समाज के अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

## आज युवा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता एवं काउंसलिंग आयोजित होगी

**हिण्डोरिया।** स्थानीय श्री जागेश्वर नाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती ₹युवा दिवस₹ एवं नगर सेवा समिति की 11वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर नगर के सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के मानसिक एवं बौद्धिक विकास एवं मंचीय प्रतिभा प्रदर्शन हेतु भाषण प्रतियोगिता एवं केरियर काउंसलिंग-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस बारे मे कार्यक्रम प्रभारी कमलेश नामदेव ने बताया कि कार्यक्रम में बुन्देलखण्डी भाषा के हास्य कवि गणेश राय एवं बुन्देली कामेडी यूटूबर हल्ले दाऊ उर्फ राघवेन्द्र सिंह (सागर) भी अपनी टीम के साथ हास्य कला का शानदार प्रदर्शन करेंगे। नगर सेवा समिति की ओर से इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र- छात्राओं को सम्मानित भी किया जायेगा। नगर सेवा समिति के संयोजक प्रेम नारायण प्यासी, सभापति देव सिंह आदि ने सभी हास्य रस प्रेमी जनता जनार्दन, बच्चों के अभिभावकों एवं पालकों से बडी. संख्या में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

## मुनि श्री पद्मसागर जी का कुण्डलपुर में मंगल प्रवेश



**कुण्डलपुर।** संत शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य,परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से परम पूज्य मुनि श्री पद्मसागर जी महाराज ससंघ का सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में 11 जनवरी 2026 को प्रातः मंगल प्रवेश हुआ। मुनि संघ की भव्य अगवानी की गई एवं पाद प्रक्षालन किया गया।मुनि श्री ससंघ पहाड़ स्थित पूज्य बड़े बाबा के मंदिर पहुंचे जहां मुनि श्री ने पूज्य बड़े बाबा के दर्शन कर शांतिधारा का वाचन किया। इस अवसर पर प्रथम अभिषेक ,शांतिधारा, रिद्धि कलश करने का सौभाग्य अनूप साक्षी कविता आयुष सेठी परिवार सूरत ,यश नमन मुन्नी देवी जैन परिवार आगरा, दिलीप निश्चय एससीजैन न्यू दिल्ली तन्मय नीलांशु प्रतीक जयपुर ,सतीशचंद्र अंकित डबरा ,सुभाष चंद्र श्रेयांश जैन दिल्ली, छोटेलाल सुदीप जैन कटनी ,प्रिंस जैन भोपाल,सुनील ईशान जैन औबेदुल्लागंज, अनिल छोटेलाल जैन सागर, दिलीप सिद्धांत जायस अमेठी के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने अभिषेक कर अपना जीवन धन्य किया।

## तेंदूखेड़ा पंचवटी धाम में सप्त दिवसीय भागवत कथा संपन्न

### हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पंचवटी धाम में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन के उपरांत रविवार को विधिविधान से हवन-पूजन एवं विशाल भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित हुए और धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः हवन-पूजन से हुई, जिसमें विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां प्रदान की गईं। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान का महाप्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में व्यवस्था अत्यंत सुव्यवस्थित रही, जिसमें आयोजन समिति एवं स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। सप्त दिवसीय भागवत कथा के दौरान कथा व्यास पंडित प्रेम नारायण शास्त्री (वृंदावन धाम, समनापुर) द्वारा श्रीमद् भागवत के प्रसंगों का सरल, सरस एवं भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के प्रसंगों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा व्यास ने अपने उद्बोधन में तेंदूखेड़ा नगर एवं क्षेत्रवासियों द्वारा मिले अपार स्नेह, श्रद्धा और सहयोग की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्तिक महिला मंडल द्वारा कथा व्यास पंडित प्रेम नारायण शास्त्री की पारंपरिक एवं भव्य विदाई की गई। महिलाओं द्वारा मंगल गीत, पुष्पवर्षा एवं सम्मान के साथ विदाई दी गई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं, महिला मंडल, सहयोगकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों के निरंतर आयोजन का संकल्प लिया।

## भगवान शनि देव की प्रतिमा स्थापना का हुआ आयोजन



**झलौन।** झलौन ग्राम में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के साथ भगवान शनि देव की प्रतिमा स्थापना का पावन आयोजन सम्पन्न हुआ। यह धार्मिक अनुष्ठान झलौन निवासी देवेंद्र कडेरे एवं श्रीमती सपना कडेरे तथा शिवकुमार कडेरे परिवार के संयुक्त सहयोग से विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराया गया। इस अवसर पर पूरे ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजन की शुरुआत 8 जनवरी को कलश यात्रा एवं पूजन के साथ हुई। प्रातःकाल महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। 9 जनवरी को भगवान शनि देव का जलवास संपन्न कराया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की उपस्थिति रही और भगवान से ग्राम की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की गई। 10 जनवरी को भव्य नगर भ्रमण एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शनि देव मंदिर से प्रारंभ होकर यह शोभायात्रा बस स्टैंड चौराहा, बाजार प्रांगण होते हुए तारादेही रोड तक निकाली गई। बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और धार्मिक जयघोष के साथ निकली इस विशाल शोभायात्रा में आसपास के सभी वर्गों एवं ग्रामों से आए श्रद्धालु, धर्म प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरा नगर शनि देव की भक्ति में सराबोर नजर आया। आज 11 जनवरी को कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पहले कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया, तत्पश्चात श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई। इस भंडारे में सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। इस धार्मिक आयोजन में ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक चेतना, सामाजिक एकता एवं आपसी सौहार्द का संदेश गया। आयोजक परिवार ने सभी सहयोगियों, भक्तों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आज से ग्राम अहरोरा में श्रीमद् भागवत कथा

**दमोह।** आज 12 जनवरी से ग्राम अहरोरा (बलारपुर)के ठाकुर बाबा मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन किया जा रहा है कथा का वाचन आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज करेंगे आयोजन समिति के हरि कुशवाहा ने बताया कि आज दोपहर 2 बजे से कलश शोभायात्रा के साथ पुराण बैठकी होगी सम्पूर्ण आयोजन सात दिवसीय होगा कथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। आयोजन समिति के द्वारा कथा श्रवणार्थ उपस्थिति का आग्रह समस्त भक्तजनो से किया गया है।

## कृषक कल्याण वर्ष का हुआ आयोजन

**जबेरा।** शासन के निर्देशानुसार जबरा कृषि मंडी में कृषक कल्याण वर्ष का आयोजन - मध्य प्रदेश शासन के निर्देशन एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कृषक कल्याण वर्ष 2026 का शुभारंभ जिले की मंडियों में किया गया। जिसके तहत कृषि उपज मंडी समिति जबेरा में सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष मंडी दुबे, जिला मंत्री रानू नामदेव, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई आदि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भोपाल से आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। साथ ही शासन द्वारा कृषकों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मंडी सचिव महिपाल सिंह, श्रवण सिंह ठाकुर, धनीराम शर्मा, रविंद्र जैन, कालू जैन, गया सेन, संदीप नामदेव सहित अनेकों कृषकों की उपस्थिति रही।


## डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह समिति की बैठक सम्पन्न

**दमोह।** संत शिरोमणि रविदास जयंती एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह हेतु नगरपालिका टाउन मंदिर में जयंती समारोह समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें समिति के सदस्य दमोह के समस्त वार्डो से समाज के नागरिकों की उपस्थिति रही। समाज और समिति की सलाह सहमति से समारोह समिति का नया (समाजसेवी) अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी को बनाया गया। बैठक में समिति व समाज का निर्णय हुआ आगामी रविदास जयंती अंबेडकर जयंती में दमोह के वार्ड मुहल्ले व वस्तियों से आने वाने वाले जुलूस तहसील ग्राउंड में एकत्रित होकर साथ में शहर भ्रमण करेंगे। जुलूसों की शहर भ्रमण की रूपरेखा एवं आयोजन समिति के गठन के लिये दिनांक 15.01.2026 दिन गुरुवार दोपहर 1 बजे समाज की बैठक आयोजित होगी। बैठक में समिति के पूर्व अध्यक्ष हेतराम आदर्श, प्रताब रोहित, भगवान दास चौधरी, सुरेश रोहित टी.आर जाटव, झुन्नीलाल राही, हिम्मत प्रसाद, भूपसिंह मासाब, हरीश आदर्श, प्यारेलाल भारती, अशोक भारती, हिम्मत बाबू, कृष्णा राज, कस्तूर चंद, धर्मेंद्र रोहित, गणेश जाटव, सुनील अहिरवार, महेंद्र अहिरवार, संजय रोहितास, धीरज, अशोक रोहित एवं अन्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# ऑनलाइन गेम की लत, जिंदगी पर संकट

### नाबालिक बच्चों के आनलाइन गेम खेलने से जिंदगी हुई हेक खेल के चक्कर में जिंदगी बना रहे 'जटिल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



भारत में ऑनलाइन गेमिंग मार्केट में साल-दर-साल 20 प्रतिशत की ग्रोथ हो रही है। भारत ऑनलाइन गेमिंग कम्युनिटी युवा का दूसरा सबसे बड़ा देश हो गया है। पहले नंबर पर चीन है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में करीब 50 करोड़ से ज्यादा गेमर्स है। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री ने जितनी तेजी से बच्चों और युवाओं को अपनी चपेट में लिया है, उतने ही इससे जुड़े साइबर फ्रॉड भी तेजी से बढ़ रहे है। इसके मकड़जाल में फंसकर अपना कीमती समय तो गवां ही रहे हैं, अपनी कमाई से भी हाथ धो रहे है।

साइबर सेल के अनुसार, ऑनलाइन गेमिंग के जरिए स्कैमर्स न सिर्फ लोगों की आईडी, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड की डिटेल चोरी करने में कामयाब हो रहे है, बल्कि स्कैमर साइबर बुलिग और ब्लैकमेलिंग तक कर रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग के समय चैट करने का भी ऑप्शन होता है। इन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर कई अनजान लोग एक-दूसरे के साथ गेम खेलते हैं। ऐसे में कई बार युवा अपनी गाढ़ी कमाई तक डुबा देते हैं या लड़कियां हरासमेंट की शिकार हो जाती है। पिछले दिन उत्तर प्रदेश में ऐसा गैंग पकड़ा गया जो युवाओं को कम पैसे लगाकर ज्यादा जीतने का लालच देकर फंसाता था। गेम की हार-जीत गैंग के हाथ में होती है।

### ज्यादातर बच्चे खेल रहे गेम

आज बाजार में कम कीमत पर स्मार्टफोन और कनेक्टिविटी मौजूद है। इसकी वजह से ऑनलाइन जुएं की लोकप्रियता पूरी दुनिया में फैल रही है, यह चिंता का विषय बन गया है, बच्चे आजकल घंटों तक ऑनलाइन गेम खेलते हैं। लेकिन, क्या जानते हैं कि इन गेम्स में छिपे चैट रूम्स, इनाम के लालच और फर्जी ऑफर्स के जरिए उन्हें साइबर अपराधी जाल में फंसा लेते हैं। कई लोग सिर्फ अपने मनोरंजन के लिए ऑनलाइन जुआ खेलना शुरू करते है, लेकिन जल्द ही उन्हें इसकी लत लग जाती है। इसका असर जिंदगी पर पड़ने लगता है।

### क्या हैं खतरे-

ऐप डाउनलोड करते ही नाम, मोबाइल नंबर, अकाउंट और आधार जैसी डिटेल्स मांगी जाती है। स्कैमर्स इन डिटेल्स से आपके नाम पर नये अकाउंट खोल सकते है या बैंक अकाउंट हैक कर सकते हैं। कुछ गेमर्स दूसरों को डराने, धमकाने या मानसिक दबाव डालने के लिए ही खेलते हैं। ई मेल, मेसेज या पैट में फर्जी लिंक भेजे जाते है, जिसे क्लिक करते ही फोन में वायरस डाल सकते है। फ्री गेम्स के साथ ही मालवेयर/वायरस आ सकता है, जो डिवाइस से डेटा चुरा सकता है। साइबर अपराधी खुद को नाबालिग बताकर बच्चों से दोस्ती करते हैं और फिर उनकी जानकारी चुराते हैं। यूजर को टास्क देकर या बहला-फुसलाकर उन्हें किसी गैरकानूनी काम के लिए उकसाया जा सकता है।

बदनामी के डर से नहीं करते शिकायत-

पुलिस का कहना है कि गेमिंग एप में अक्सर लोग फंस रहे हैं। वे अपने मां-बाप का वालेट चुराकर क्रेडिट या डेबिड कार्ड से राशि का भुगतान कर देते हैं। बदनामी से बचने के लिए कई बार मां-चाप इसकी शिकायत नहीं करते। इसलिए पुलिस ने आगाह किया है, बच्चों की गतिविधियों पर अभिभावक नजर रखें। साइबर ठगी की शिकायतों पर साइबर टीम तत्काल कार्रवाई करती है। साइबर सेल की मदद से लोकेशन का पता लगाया जाता है। साइबर अपराध रोकने के लिए लोगों को भी जागरूक होना जरूरी है।

### इनका रखें ध्यान

गेमिंग ऐप के पब्लिशर की जानकारी जरूर चेक कर लें। निजी जानकारी देने से बचें, आकर्षक सब्सक्रिप्शन ऑफर के जाल में न फसें इमेल या टेक्स्ट मेसेज में आये संदिग्ध लिंक्स पर क्लिक न करें। केडिट कार्ड/डेबिट कार्ड की जानकारी किसी के भी साथ शेयर मत करें। कम्प्यूटर या स्मार्ट फोन में अच्छा एंटीवायरस इंस्टॉल करें। ऑनलाइन गेमिंग अकाउंट और अन्य ऑनलाइन अकाउंट के पासवर्ड मजबूत रखे। कोई दिक्कत होने पर अपने माता-पिता को जानकारी दें। आउटडोर गेम्स खेलने की आदत डाले।

### कैसे जानें लत है या मनोरंजन-

बच्चा मोबाइल और कंप्यूटर पर ज्यादा समय गुजारने लगेगा उसकी नियमित गतिविधियों में बदलाव आएगा, परिवार और दोस्तों से खुद को अलग कर लेगा सिर्फ ऑनलाइन दोस्तों तक सीमित रहेगा। पढ़ाई और काम प्रभावित होंगे, नींद प्रभावित होगी। यदि सोता है तो ऑनलाइन गेम्स या एप्लीकेशन के सपने देखेगा। गेम खेलने से मना करने पर गुस्सा करेगा। बहस करने के बावजूद खेलना बंद नहीं करेगा। बच्चा उल्टे जवाब भी देगा। हाथापाई भी कर सकता है।

## कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉक्टर मोहन यादव जी के निर्देशन में वर्ष 2026 को प्रदेश भर में कृषि पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। जिसका शुभारंभ भोपाल में माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के साथ किया गया जिसका लाइव टेलीकास्ट जिले के प्रत्येक विकास खंड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर दिखाया गया। जिसके तहत रविवार को कृषि विभाग जबेरा द्वारा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में कृषि वर्ष 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, जिला मंत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई एवं कृषकों की उपस्थिति में कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें 11 जनवरी से 10 फरवरी 2026 तक कृषि रथ प्रतिदिन 03 ग्राम पंचायतों में जाएगा जिसमें कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी, उद्यान विभाग, पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, मत्स्य विभाग, पशु विभाग, जल संसाधन विभाग, मंडी विभाग आदि विभागों के अधिकारी कर्मचारी अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान करेंगे। साथ ही वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाएं जैसे जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल विविधीकरण, ई विकास प्रणाली, ई उर्वरक टोकन, पराली प्रबंधन आदि का प्रचार प्रसार करने एवं कृषि रथ के हर कार्यक्रम में कृषकों तक पहुंचने के कार्य को प्रमुखता के साथ करने की बात कही। कार्यक्रम में कृषि विभाग से अमित परमार, रितेश सिंह, दर्शिका दुबे, चौरसिया जी सहित अनेकों कृषकों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह का आगमन आज

**दमोह।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीवान अमरसिंह ने विज्ञप्ति जारी करते हुए जिले के समस्त किसान कांग्रेस के जिला के ब्लाक अध्यक्षों पदाधिकारियों एवं समस्त कांग्रेसजनों हो अनुरोध किया है कि 12 जनवरी 2026 सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान का प्रथम दमोह आगमन हो रहा हैं वह जिला कांग्रेस कार्यालय में दोपहर 1 बजें जिला स्तरीय किसान कांग्रेस सम्मेलन में नवनियुक्त किसान कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों नियुक्ति पत्र प्रदान करेगे एवं संबोधन देगे।

### ब्र. डालचंद बड़कुल का हुआ समाधिमरण

**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में युगश्रेष्ठ, संत शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, विद्यानिधि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से स्थानीय उदासीन आश्रम में पचासों वर्षों से साधनारत सप्तम प्रतिमा धारी ब्रह्मचारी श्री



डालचंद जी बड़कुल पटेरा की आज 10 जनवरी 2026 प्रातः पूज्य बड़े बाबा के चरणों में कुंडलपुर सिद्धक्षेत्र पर समाधि हो गई। श्रद्धेय बड़कुल जी का कुण्डलपुर के बड़े बाबा, छोटे बाबा के प्रति समर्पण सदैव स्मरण किया जाता रहेगा।जब तक शरीर ने साथ दिया तब तक बड़े बाबा के चरणों में जाकर अभिषेक, शांतिधारा , पूजन ,विधान में भाग लिया। आचार्य श्री एवं परंपराचार्य श्री का विशेष आशीर्वाद सदैव प्राप्त होता रहा। आज उनकी श्रद्धांजलि सभा कुण्डलपुर सिद्धक्षेत्र में संपन्न होगी।

बुंदेलखंड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम सम्पन्न

# बुंदेलखण्ड फिल्म फेस्टिवल को मिला उत्साहजनक प्रतिसाद, जल्द बनेंगी 10 से अधिक फिल्में-राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बुंदेलखण्ड फिल्म फेस्टिवल के माध्यम से क्षेत्रीय सिनेमा को नई पहचान मिलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस फेस्टिवल में लगभग 10 फिल्म प्रोजेक्ट प्राप्त हुए हैं, यानी आने वाले समय में लगभग 10 फिल्में बुंदेलखंड में बनेगी। मुबंई सहित विभिन्न क्षेत्रों से आये बहुत सारे फिल्म प्रोड्यूसर ने इस कार्यक्रम में घोषणा भी की बुंदेलखंड में वे लोग फ़िल्में बनाएंगे, बुंदेलखंड में बुंदेली भाषा में फिल्में बनेगी, यह पहला प्रयास है और पहले ही प्रयास में इतना अच्छा प्रतिसाद मिला हैं, तो आने वाले समय मे बेहतर रिजल्ट सामने आएगा। इस आशय की बात आज प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने बुंदेलखण्ड फिल्म फेस्टिवल के अवसर पर स्थानीय हॉटल में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम के समापन अवसर कही। उन्होंने कहा इस सफल आयोजन के लिए आप सभी पत्रकार बंधुओं का आभार, वास्तव में सकारात्मक पत्रकारिता यदि कहीं देखनी हो तो वह हमारे दमोह में देखने मिल सकती है, बुंदेलखंड फिल्म महोत्सव कार्यक्रम के लिए आप सभी का हृदय से धन्यवाद हैं। दूसरे दिवस के कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और मार्ल्यापण से हुई। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा बुंदेली फ़्लिम समागम का यह पहला प्रयास था, आज जो बीज बोया हैं वह तुरंत वटवृक्ष नहीं बन सकता लेकिन आने वाले समय में यह वटवृक्ष जरुर तैयार होगा, आने वाले समय मे बुंदेली फ़्लिम इंडस्ट्री जरूर स्थापित होगी ऐसा प्रयास हमने किया हैं। प्रसिद्ध अभिनेता गोविंद नामदेव ने युवाओं और नए कलाकारों को सीखने की लगन बनाए रखने तथा खुद को सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं के साथ तुलना करने की सलाह देते हुए कहा अगर व्यक्ति अपने ही



स्तर के लोगों से तुलना करता रहेगा तो वहीं ठहर जाएगा, लेकिन जब वह टॉप क्लास अभिनेता, निर्देशक और निर्माता के काम को समझने और उसी स्तर की तैयारी करने का प्रयास करेगा, तभी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इसी सोच के तहत उन्होंने कई नए प्रोजेक्ट्स में अपनी फीस और स्टेटस को भी एक तरफ रखकर काम करने की कोशिश की, ताकि अच्छे और सार्थक प्रयोग किए जा सकें। उन्होंने फिल्म निर्माण की चुनौतियों पर भी खुलकर बात की। प्रसिद्ध अभिनेता श्री नामदेव ने कहा प्रशासन इस दिशा में आगे आए और फिल्म निर्माण को लेकर ठोस सहयोग के कारण आसान अप्रूवल, आर्थिक सहायता और सब्सिडी जिससे नई कहानियों और नए कलाकारों को बड़ा मंच मिल सकता हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह की पहल को लगातार जारी रखा जाए, तो आने वाले समय में फिल्म इंडस्ट्री में अपार संभावनाएँ बन सकती हैं। उन्होने कहा कि वर्षो से हमने इस तरह का प्रयास पहले कभी नहीं देखा। यह एक बेहद मीनिंगफुल और सार्थक पहल है। ऐसे प्रयासों को आगे भी लगातार जारी रखा जाना चाहिए। यह आज की आने वाली पीढ़ी के लिए बेहद उपयोगी है और आगे बढ़ने के लिए प्रशासन की ओर से बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करता है।

बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम 2026 के संरक्षक इंजी. सत्येन्द्र सिंह लोधी ने कहा दमोह में बुंदेलखंड फ़्लिम फेस्टिवल एवं फ़्लिम पर्यटन समारोह पर अलग-अलग क्षेत्रों से करीब 200 प्रतिभागी शामिल हुए, बुंदेलखंड की मिट्टी से जुड़े लोगों की प्रतिभागिता इसमें रही, काफी लोग मुम्बई से भी आकर शामिल हुए, कार्यक्रम में बहुत कुछ सीखने को मिला, आगामी विजन और रोडमैप को बनाने की तैयारी और चर्चा की गई है, आने वाले समय मे रूपरेखा तैयार की गई है, कलाकारों को मंच देने का काम किया है, सभी लोगो को एक दूसरे को जानने का मौका मिला यह फ़्लिम इंडस्ट्रीज के लिए एक सिस्टम तैयार होगा, यहाॅ के लोगो को हर तरीके से रोजगार और टेलेंट दिखाने का अवसर मिलेगा, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यहाॅ की संस्कृति को ले जा पाएंगे। म.प्र नाट्य विद्यालय भोपाल के निदेशक संजय श्रीवास्तव ने कहा, यह आयोजन बुंदेली माटी हमाओ सिनेमा, हमाई बोली इस उद्धेश्य को लेकर जो बुंदेली फ़्लिम फेस्टिवल और पर्यटन समागम आयोजित किया गया बहुत ही सार्थक उद्धेश्य को लेकर यह मुहिम चालू हुई हैं और बीजारोपण आज हुआ है उसका पुष्प और वृक्ष पल्लवित हो और बुंदेली फ़्लिम इंडस्ट्रीज विशाल रूप ले और यहाॅ की प्रतिभाएं विश्व पटल पर अपनी कला का प्रदर्शन कर बुंदेलखंड का नाम रोशन करे इसकी सफलता की शुभकामनाएं देता हूं। सेंट्रल सर्किट सिने एसोसिएशन भुसावल के अध्यक्ष संजय सुराणा ने कहा, बुंदेलखण्ड कला संस्कृति मंच समिति, छतरपुर द्वारा बुंदेलखण्ड फिल्म फेस्टीवल का आयोजन बहुत शानदार तरीके से किया गया है, इसलिए सर्वप्रथम कार्यकारिणी अध्यक्ष व समिति को सेंट्रल सर्किट सिने एसोसिएशन भुसावल द्वारा बहुत-बहुत बधाई। स्थानीय कला, क्षेत्रीय संस्कृति को जीवंत करने का सफल कार्य इस फेस्टीवल द्वारा हुआ है। बुंदेलखण्ड कों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिल्म जगत से जोडने एक यशस्वी प्रयास किया गया है। आयोजक इसके लिए सराहना के पात्र है। इसमें स्थानीय कलाकारों को मंच एवं रोजगार का अवसर उपलब्ध होगा। इस प्रयास से दमोह को फिल्म टूरिज्म के रूप में राष्ट्रीय पहचान प्राप्त होगी ऐसा मुझे विश्वास है।

उन्होने कहा, शासन की मदद से सिनेमागृह उद्योग फिर से अपने स्वर्णीम दौर को प्राप्त कर सकता है और हमें उम्मीद है जल्द ही मध्यप्रदेश शासन द्वारा राहत पैकेज जारी किया जाएगा।अभिनेता एवं प्रोड्यूसर नारायण चौहान ने कहा, मेरी पैदाईस जरूर कानपुर की है, लेकिन पला बढ़ा में बुंदेलखण्ड से ही हूँ, बुंदलेखण्ड में शूटिंग के लिए हर जगह लोकेशन हैं जहाॅ कैमरा रख दो वहाॅ लोकेशन मिल जाती है, बुंदेलखण्ड लोकेशन से भरा पड़ा है, बहुत सारी संभावना हैं। उन्होने कहा सिंगौरगढ का किला, नजारा पॉइट, स्मार्ट गॉव पड़रिया थोवन बहुत अच्छी लोकेशन हैं यहां पर बहुत अच्छी फिल्म शूटिंग को सकती हैं।

कार्यक्रम का मनमोहक एवं शानदार संचालन राजीव अयाची ने किया।

## गड्ढे में अनियंत्रित होकर सरियों से भरा ऑटो पलटा



**हटा।** नगर में दमोह नाका से पन्ना नाका तक स्टेट हाइवे सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है वही सड़क के दूसरी ओर ऊबड़ खाबड़ सड़क पर आवागमन होने से इन दिनों नगर के मार्ग पर रोजाना हादसे हो रहे है। जिससे रविवार की शाम फिर एक सड़क हादसा सामनें आया जहां एक सरिया से भरा ऑपे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया जहां सड़क पर खड़ी दो बाइक उसकी चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार हटा नगर के खचना नाका से रसीलपुर की ओर सरिया लेकर जा रहा ऑपे वाहन सड़क मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलट गया जहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया और देखते ही देखते लोगो का हुजूम लग गया। वहीं वाहन पलटनें से सड़क पर खड़ी दो बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तो एक स्कूटी सवार बालिका इस हादसे में बाल-बाल बच गई। वहीं स्थानीय लोगो द्वारा मदद करते हुए पलटे वाहन को उठाकर सड़क पर सीधा खड़ा किया गया तब कहीं जाकर आवागमन शुरू हो सका।

## माघ मास में पार्थिव शिवलिंग पूजा से मिलती है असीम कृपा : उमाशंकर शास्त्री

**बनवार।** माघ मास के पवित्र अवसर पर मनगुंवा मानगढ़ में धार्मिक वातावरण के बीच पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक और शिवार्चना का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सरपंच नावल लोधी और राजेश लोधी के निवास पर सतत चल रहा है। आयोजन में कथा वाचन करते हुए कथाचार्य पंडित उमाशंकर शास्त्री ने कहा कि मिट्टी से निर्मित शिवलिंग जिसे पार्थिव शिवलिंग कहा जाता है, कलयुग में सबसे अधिक प्रभावी और शीघ्र फल देने वाला माना गया है। इसका उल्लेख शिवपुराण सहित विभिन्न पुराणों में मिलता है। शास्त्री ने कहा कि महादेव साकार और निराकार दोनों स्वरूपों में पूजे जाते हैं, किंतु पार्थिव शिवलिंग की पूजा विशेष रूप से कल्याणकारी मानी गई है। उन्होंने बताया कि माघ महीने में पार्थिव शिवलिंग निर्माण और अभिषेक करना अत्यंत शुभ होता है और इस अवधि में किया गया जप, दान और उपासना अनेक गुना फलदायी हो जाती है। वेद पुराणों के संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि पार्थिव शिवलिंग का पूजन सबसे पहले भगवान श्रीराम द्वारा किया गया था। यह मान्यता है कि श्रीराम ने लंका विजय से पहले महादेव की शरण लेकर पार्थिव पूजा की थी। शास्त्रों में यह भी वर्णित है कि कलयुग में पहली बार कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र मंडप ने पार्थिव शिवलिंग का पूजन कर शिव कृपा प्राप्त की थी, जिसके बाद से यह दिव्य परंपरा निरंतर चली आ रही है। पार्थिव शिवलिंग पूजन, महामृत्युंजय जप और अभिषेक की विधि आचार्य सत्यम पांडे, पंडित आशीष और पंडित राम दुबे के निर्देशन में संपन्न कराई जा रही है। पूरे क्षेत्र में यह शिव आराधना केंद्र भक्तिमय वातावरण का सृजन कर रही है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिव कृपा प्राप्त करने हेतु आयोजन में सम्मिलित हो रहे हैं।

## अन्डर 15 व्हालीबाल प्रतियोगिता पर तकिया क्लब का कब्जा



**हिण्डोरिया।** स्थानीय चुड़ैला बंशी मैदान पर बस स्टेण्ड क्लब के तत्वावधान मे आयोजित अण्डर- 15 व्हालीबाल ईनामी प्रतियोगिता के 05 सेटों के फाईनल मैंच में तकिया क्लब ने एकता क्लब को 3-0 से हराकर चमचमाती ट्रॉफी एवं नगद राशी पर कब्जा जमाया। इस सम्बन्ध मे आयोजक बरकत खान ने बताया कि इस हिण्डोरिया क्षेत्र स्तरीय टूर्नामेंट में 08 टीमों ने भाग लिया। फाईनल मे तकिया क्लब ने एकता क्लब को 25-18 25-19 26-24 के अंतर से लगातार हराकर 05 सेटों के मैंच को 3-0 से जीत लिया। मैंच मे रैफरी लकी शाह, देवेन्द्र रहे। फाईनल मैंच के अंत मे अतिथि एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान व्दारा विजेता-उप विजेता टीमों को सम्मानित किया गया। तकिया क्लब में कप्तान रेहान खान, अरमान खान, जुबैर, हमजा, अरमान चूहा एवं एकता क्लब में युवा खिलाड़ी शाहबान चुड़ैला बंशी, जीशान, पीयूष खटीक, छोटू, सोहेल नेता आदि का खेल सराहनीय रहा।

# 23 साल बाद दुर्लभ संयोग सर्वार्थ और अमृत सिद्धि के योग में मंकर संक्रांति पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा




वर्ष 2026 की मकर संक्रति आध्यात्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद विशिष्ट होने जा रही है। इस वर्ष सूर्य का मकर राशि में प्रवेश 14 जनवरी को हो रहा है, जो अपने साथ 23 वर्षो बाद एक दुर्लभ संयोग लेकर आ रहा है। इस संयोग में सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग का मेल हो रहा है। मृदुल नक्षत्र अनुराधा में होने वाली यह संक्रांति विशेष फलदायी है। इस बार मकर संक्रांति और षटतिला एकादशी एक ही दिन पड़ रही हैं एकादशी के धार्मिक नियमों के कारण इस बार संक्रांति पर पारंपरिक चावल वाली खिचड़ी के सेवन पर निषेध रहेगा।

### 14 जनवरी को ही क्यों है संक्रांति

पंडित गोपाल शास्त्री जी के अनुसार, सूर्य देव 14 जनवरी बुधवार को दोपहर 03.13 बजे मकर राशि में प्रवेश करेंगे चूंकि सूर्य का प्रवेश दोपहर में हो रहा है। इसलिए संक्रांति का मुख्य पुण्य काल और स्नान-दान 14 जनवरी को ही मान्य होगा 15 जनवरी के सूर्योदय के साथ पुण्य काल समाप्त हो जाएगा, अतः पर्व 14 जनवरी को मनाना ही शास्त्र सम्मत है।

### इन राशियों के लिए विशेष लाभदायक

मेष राशि वालों के कॅरियर में ऊंचाईयां और अप्रत्याशित धन लाभ का योग बनेगा वृषभ राशि के लोगों को भाग्य का साथ मिलेगा आए के नए स्त्रोत खुलेंगे कर्क राशि वालों के अटके काम पूरे होंगे मकर राशि वालों के आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान की प्राप्ति होगी।

### एकादशी का संयोग और खिचड़ी का विकल्प

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, एकादशी के दिन चावल का सेवन वर्जित होता है चूंकि इस वर्ष संक्रांति और एकादशी एक ही दिन है इसलिए चावल वाली खिचड़ी खाना दोषपूर्ण माना जाएगा भक्तों के लिए शास्त्र सम्मत समाधान इस प्रकार है।

### फलाहारी खिचड़ी

14 जनवरी को चावल के स्थान पर साबूदाना या कुट्ट की खिचड़ी का सेवन करें। दान का महत्व खिचड़ी (चावल-दाल) का दान 14 जनवरी को ही करें, क्योंकि दान करने में कोई निषेध नहीं है। जो लोग व्रत नहीं रखते वे खिचड़ी स्पर्श कर गौ माता को खिला दें और स्वयं अगले दिन 15 जनवरी को पारण के समय खिचड़ी ग्रहण करें।

## विजेता टीम की फारवर्ड खिलाड़ी को किया सम्मानित

**दमोह।** हॉकी मध्य प्रदेश के लिये गौरव के पल हॉकी मध्य प्रदेश कोषाध्यक्ष ललित नायक ने जानकारी दी कि कल झारखंड मे आयोजित दूसरी महिला हॉकी लीग मे एस जी पाईपरस एवम साची बंगाल टाइगर के बीच रोमांचक फाइनल मैच हुआ जिसमे लोक बहादुर महासचिव हॉकी मध्य प्रदेश के आतिथ्य मे महिला हॉकी टीम एस जी पाईपरस विजेता फारवर्ड खिलाडी को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ जो कि हॉकी मध्य प्रदेश के लिए गौरव की बात है। मध्य प्रदेश के हॉकी मे पहली बार किसी पदाधिकारी को अवसर मिला है। लोकबहादुर के कुशल नेतृत्व मे हॉकी मध्य प्रदेश ने वर्ष सोलह से वर्तमान तक तीस मेडल राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताओ मे प्राप्त किये है। जो कि इतिहास है। हॉकी इंडिया द्वारा यह सम्मान पूरे मध्य प्रदेश के हॉकी खिलाडियो मिला है। इस उपलब्धि पर हॉकी दमोह परिवार हॉकी इंडिया के प्रति आभार तथा लोकबहादुर जी बधाई प्रेषित कर रहे है। बधाई देने हरिशंकर यादव राजेश सालोमन भगवान सिंह विजय ठाकुर कफील अल्ताफ राजीव उमेश विकास जैन तरूण असार संतोष सेन इमरान शैलेन्द्र विनय रियाज अरमान आदि उपस्थित रहे।

संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित हुआ युवा सम्मेलन, हजारों युवाओं ने सुने वक्ताओं के राष्ट्रवादी विचार

# संघ को किताब, अखबार, भाषणों से नहीं, संघ में आकर जानिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को नगर के तहसील मैदान में युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। आयोजन में जिले के अलग अलग खंडों से 5 हजार से ज्यादा युवा शामिल हुए, जिन्होंने संघ के ओजस्वी वक्ताओं के राष्ट्र और समाज को सशक्त बनाने के विचार सुने। इस दौरान युवाओं ने भारत की गौरव गाथा, सांस्कृतिक विशेषताओं के साथ राष्ट्र प्रथम की भावना को समझा और अपने विचारों में समाहित किया। आयोजन में 18 वर्ष से 35 वर्ष के युवा शामिल हुए।

### स्वामी विवेकानंद के विचारों को खुद में करें समाहित

कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता, डॉक्टर हेगडेवार और गुरु गोलवलकर जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंचीय उद्बोधन में मंचासीन अतिथियों में शामिल महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल प्राचार्य डीके मिश्रा,उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य आरपी पटेल, संघ के प्रांत प्रचारक बृजकांत जी, जिला संघचालक अश्वनी नामदेव जी ने अपने विचार रखे। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने कहा कि युवा शक्ति के रूप में सबसे महत्वपूर्ण स्वामी विवेकानंद



के विचार है। युवा अपने सामर्थ्य और ज्ञान से कोई भी तस्वीर बदल सकता है। प्रांत प्रचारक बृजकांत जी ने कहा कि संघ के बारे में कई भ्रांतियां है, कई झूठ है, जिसे सभी को समझना होगा। लोग कहते है कि आजादी की लड़ाई में संघ का कोई योगदान नहीं है। ऐसे लोग नहीं जानते है कि संघ की स्थापना करने वाले श्री हेगडेवार जी ही अंग्रेज अधिकारियों के सामने वंदे मातरम बोले और उस कृत्य के चलते जब स्कूल के छात्रों पर संकट आया तो उन्होंने आगे आकर इसे गर्व से स्वीकार किया और उनके स्थानांतरण प्रमाणपत्र पर उन्हें अंग्रेजी शासन के विरुद्ध षड्यंत्रकारी बोला गया। संघ ने स्वतंत्रता आंदोलन में हर एक पड़ाव पर कार्य किया। किसान विरोधी नीतियों को लेकर अंग्रेजो के खिलाफ वन सत्याग्रह आंदोलन किया। देश विभाजन पर पाकिस्तान से आए लोगों की रक्षा का कार्य संघ ने किया। उन्होंने कहा कि संघ से प्रश्न वह पूछते है जिन्होंने अंग्रेजों की दलाली की, इसलिए पाकिस्तान से आए लोगों से पूछे की संघ ने क्या किया और संघ को किताब, अखबारों और भाषण से नहीं संघ ने आकर जानिए। संघ प्रत्येक व्यक्ति के अंदर चेतना और राष्ट्र भक्ति का विकास चाहता है। संघ ने शताब्दी वर्ष पर 5 बातों को परिवर्तन के लिए चुना है जो युवाओं को आगे आकर परिवर्तन करना है। वंदे मातरम पर उन्होंने कहा कि वंदे मातरम गीत नहीं ज्ञान है और अब हमें इस परिवर्तन के लिए अपने भेष भूषा भाषा संस्कृति पर गर्व करना होगा।

### प्रदर्शनी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम

आयोजन में युवाओं को राष्ट्र, राष्ट्र भक्त और संघ के कार्यों से अवगत कराने के लिए एक विशेष प्रदर्शनी लगाई गई, जो उपस्थित लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही इस प्रदर्शनी में आजादी के संघर्ष काल के ऐतिहासिक समाचार पत्र, आजादी की लड़ाई में अपना योगदान देने वाले जाने अनजाने नायक, भारत की प्राचीन धरोहरों, संविधान के साथ भारतीय सफलताओं की कहानियों को युवा पीढ़ी को अवगत कराया गया। प्रदर्शनी के अवलोकन से युवा पीढ़ी ने देश के संघर्ष और सफलता के साथ संघ की 100 वर्षों की यात्रा, कार्य और विचारों को भी जाना।

### चर्चा सत्र के साथ समापन

उद्बोधन के बाद सभी युवाओं का चर्चा सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान खंडवार युवाओं को चर्चा सत्र में पंच परिवर्तन के साथ संघ की पद्धतियों को जाना और संघ गीत का गायन किया। चर्चा उपरांत सभी ने एक साथ समरसता भोज किया और कल्याण मंत्र के साथ आयोजन का समापन हुआ।

### पूजन अर्चन के साथ रथ हुआ रवाना

कार्यक्रम के बाद जिले में 15 से 30 जनवरी तक आयोजित होने वाले हिंदू रथ का विधि विधान से पूजन अर्चन कर रथ को रवाना किया गया। आगामी दिनों में जिले के 167 स्थानों पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। रथ के माध्यम से जन जन तक आयोजन की जानकारी के साथ लोगो से आयोजन में जुड़ने की अपील की जाएगी।

## गरीब टीबी मरीजों को 300 फूड बास्केट वितरित की

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में दमोह, जिला औषधि विक्रेता संघ दमोह के अध्यक्ष राजेंद्र सिंघई एवं उनकी टीम के द्वारा 50 नि- क्षय मित्र बनाए गए एवं 50 गरीब टी वी मरीजों को पौष्टिक आहार हेतु फूड बॉस्केट दमोह जिले के सातों ब्लॉकों में वितरित किए गए। जिसमें दमोह ब्लॉक के 10 टीवी मरीजों को फूड बास्केट वितरित की गई। जबेरा में 05, तेंदूखेड़ा में 10, पटेरा में 05, हटा में 10, बटियागढ़ में 05 एवं पथरिया में 05 फूड बास्केट गरीब टी वी मरीजों को वितरित की गई, टी वी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक टी वी मरीज को 6 माह तक



नि_क्षय मित्र के द्वारा पौष्टिक आहार दिया जाता है। जिला औषधि विक्रेता संघ के द्वारा कुल 300 फूड बास्केट वितरित की गई, उक्त फूड बॉस्केट सभी ब्लॉकों में खंड चिकित्सा अधिकारी एवं NTEP स्टाफ की उपस्थिति में दी गई। डीपीसी दीपक सिंह राजपूत ने जिला औषधि विक्रेता संघ का आभार माना।

## सटीक तथ्य-पृथ्वी पर एक समय में होने वाले दो दिन

**दमोह।** जिले के केरबना ग्राम निवासी 74 वर्षीय वीरेन्द्र जैन 'विद्यार्थी' ने दिनांक 10 जनवरी 2026 को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के भूगोल विभाग में पाँच पेजों वाला स्वलिखित एक लेख प्रस्तुत किया, जिसमें विस्तृत जानकारी देते हुए समझाया गया कि जब पृथ्वी पर एक ही समय में अलग अलग नाम वाले दो दिन होते हैं तब पृथ्वी पर अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा से लेकर पश्चिम की ओर मध्य रात्रि होने वाले स्थान तक ही नया वाला बढ़ा हुआ दिन (अगला दिन) होता है, तथा पृथ्वी के शेष बचे भाग पर उपरोक्त बढ़े हुए दिन से एक दिन कम वाला दिन (पिछला दिन) होता है। अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा पार करके पूर्व की ओर वाले क्षेत्र में पहुंचने पर वहाँ अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा की पश्चिम दिशा में होने वाले टाइम से कुछ अधिक वाला टाइम मिलता है किन्तु वहाँ अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा की पश्चिम दिशा में होने वाले दिन से एक दिन कम वाला (पिछला दिन) मिलता है। इसके अलावा यह भी समझाया गया कि अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा तथा उसके पूर्व और पश्चिम वाले क्षेत्रों को मिलाकर जो क्षेत्र बनता है उसमें किसी एक समय में अधिकतम दो दिन ही हो सकते हैं, एक क्षेत्र में एक समय में सोमवार मंगलवार बुधवार जैसे तीन दिन कभी नहीं होते। उपरोक्त प्रस्तुत लेख भूगोल विभाग के अध्यक्ष महो० जी के मतानुसार पूर्णतः सत्य है, इसलिए कक्षा ग्यारहवीं की प्रयोगात्मक भूगोल वाली पाठ्यपुस्तकों के अंतर्गत वर्णित अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा से संबंधित गलत तथ्यों में शीघ्र संशोधन होना आवश्यक प्रतीत होता है।

## ग्राम छेवला दुबे हुआ नशामुक्त



**पटेरा।** नशामुक्त ग्राम निर्माण के उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान के बाद पूर्णतः नशामुक्ति बैठक का आयोजन किया गया। अभियान में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्त जीवन का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नशे से होने वाले सामाजिक, पारिवारिक एवं स्वास्थ्यगत दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। संगठन की संभागीय प्रचार मंत्री पूर्व सरपंच श्रीमती ओमवती अठ्या ने कहा कि अब हमारा गांव नशामुक्त हो गया है संगठन के प्रयास से गांव के गांव नशामुक्त हो रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि नशे के विरुद्ध एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाएं। नशामुक्ति बैठक में शराब बेचने वालों पर 21 हजार का जुर्माना, पीने व पीकर उपद्रव करने वाले को 11 हजार का जुर्माना सर्वसम्मति से निर्णय पास किया गया। छेवला दुबे में नशामुक्त ग्राम हेतु हस्ताक्षर अभियान के बाद आज नशामुक्ति बैठक हुई। इस अवसर पर ग्राम छेवला दुबे में भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा आयोजित नशामुक्ति बैठक में समस्त ग्रामवासी,व भगवती मानव कल्याण संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।